केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सीबीएसई/समन्वय/सार्वजनिक चेतावनी/2024 दिनांक: 13.02.2024

सार्वजनिक चेतावनी

सीबीएसई X एवं XII की आगामी परीक्षाओं के बारे में अफवाहों और फर्जी सूचनाओं के खिलाफ।

1. कक्षा X और XII की सीबीएसई वार्षिक परीक्षाएं 15 फरवरी 2024 से 02 अप्रैल 2024 तक आयोजित होने वाली हैं। बोर्ड ने परीक्षाओं के सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए विस्तृत व्यवस्था की है।
2. पूर्व में यह देखा गया है कि परीक्षा अवधि के दौरान कुछ असामाजिक/सिद्धांतहीन/शरारती तत्व परीक्षा के प्रश्न पत्रों तक अभिगम/पहुँच का दावा करते हुए यू-ट्यूब, फेसबुक, टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर पेपर लीक के बारे में अफवाहें फैलाते हैं।
3. असामाजिक/सिद्धांतहीन/शरारती व्यक्ति नमूना प्रश्न पत्रों का फर्जी लिंक भी इस दावे के साथ प्रसारित करते हैं कि प्रश्न उन्हीं नमूना प्रश्न पत्रों से होंगे।
4. असामाजिक/सिद्धांतहीन/शरारती व्यक्ति प्रश्नपत्रों की नकली तस्वीरें/वीडियो भी प्रसारित करते हैं, जिसमें वे दावा करते हैं कि उनके पास प्रश्नपत्र उपलब्ध है, जिसे पैसे देकर उपलब्ध कराया जा सकता है।
5. ये व्यक्ति, समूह और एजेंसियां भोले-भाले छात्रों और मातापिताओं/अभिवावको को ठगने का इरादा रखते हैं क्योंकि वे बदले में पैसे की मांग करते हैं। ऐसी गैर-जिम्मेदाराना गतिविधियाँ, छात्रों और जनता के बीच भ्रम और दहशत भी पैदा करती हैं।
6. बोर्ड फर्जी खबरें और अफवाहें फैलाने वालों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सतर्क और सक्रिय है।
7. सीबीएसई, सोशल मीडिया मंचों पर फर्जी खबरें प्रसारित करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए आईपीसी और आईटी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत कानून प्रवर्तन एजेंसियों की मदद से स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है।
8. फर्जी खबरें फैलाने में लिप्त पाए जाने पर सीबीएसई, छात्र के खिलाफ अनुचित साधन नियमों और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करेगी। माता-पिता/अभिवावक से भी अनुरोध है कि वे अपने बच्चों को इस तरह की अफवाहों पर विश्वास न करने और ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल न होने के लिए सलाह दें जिससे आगामी बोर्ड परीक्षाओं का सुचारू संचालन बाधित होता हो।
9. अतएव जनता को 2024 की परीक्षाओं के दौरान ऐसी असत्यापित खबरों और अफवाहों के प्रति सचेत किया जाता है और वे हर कीमत पर परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के

लिए ऐसी गतिविधियों में भाग लेने अथवा सम्प्रेषण के किसी भी माध्यम से ऐसी जानकारी न फैलाने को अनुरोध किया जाता है।

10. यदि आपके सामने ऐसी कोई खबर आ रही है तो कृपया सीबीएसई को ई-मेल आईडी info.cbseexam@cbseshiksha.in पर सूचित करें।

संयम 13/2/24

(डॉ संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि: वेब प्रशासक को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।